(208)

पत्रांक–बि०प्र०सु०मि०सो० / HRMS-02/2024, सो०–1336

**बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी**

**(सामान्य प्रशासन विभाग)**

**प्रेषक,**

**डॉ० बी. राजेन्दर,**
अपर मुख्य सचिव,
सामान्य प्रशासन विभाग–सह–मिशन निदेशक,
बिहार।

**सेवा में,**

**अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव, सभी विभाग।**
**पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना।**
**सभी प्रमंडलीय आयुक्त।**
**सभी जिला पदाधिकारी।**

पटना, दिनांक– 26/06/2025

**विषयः–** **मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली (HRMS) परियोजना अंतर्गत नियमित कर्मियों का वर्तमान धारित पद एवं सेवा / संवर्ग का मैपिंग कराने के संबंध में।**

प्रसंगः– मुख्य सचिव, बिहार का पत्रांक–1135, दिनांक–10.06.2025

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र का कृपया संदर्भ ग्रहण किया जाय। मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली अंतर्गत राज्य के नियमित कर्मियों का वर्तमान धारित पद एवं सेवा / संवर्ग के अनुसार कैडर मैपिंग का कार्य 30, जून 2025 तक पूर्ण करने का निदेश दिया गया है। वैसे निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी जिनके द्वारा 30 जून, 2025 तक उनके स्थापना के सभी नियमित कर्मियों का कैडर मैपिंग कार्य पूर्ण नहीं कर लिया जाता है उनका माह जून, 2025 का वेतन, कार्य पूर्ण होने तक स्थगित रखे जाने का भी निदेश है।

अतः अनुरोध है कि मुख्य सचिव, बिहार द्वारा दिये गये निदेश का पूर्ण अनुपालन कराने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन,

(डॉ० बी. राजेन्दर)
अपर मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग–सह–मिशन निदेशक, बिहार।

पत्र संख्या – 3/स्था०(6) 03/2025 – 2911/

**बिहार सरकार**

**पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग**

प्रेषक,

गीता सिंह भा०प्र०से०,
सरकार के अपर सचिव।

सेवा में,

निदेशक,
पशुपालन/मत्स्य/गव्य विकास,
बिहार, पटना।

पटना – 15, दिनांक – 30/06/2025

**विषय :–** **मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली (HRMS) परियोजनान्तर्गत नियमित कर्मियों का वर्तमान धारित पद एवं सेवा/संवर्ग का मैपिंग कराने के संबंध में।**

**प्रसंग :–** **सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक 1336, दिनांक 26.06.2025.**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक प्रसंगाधीन–पत्र की छायाप्रति संलग्न करते हुए कहना है कि वैसे निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी जिनके द्वारा 30 जून, 2025 तक उनके स्थापना के सभी नियमित कर्मियों का कैडर मैपिंग कार्य पूर्ण नहीं कर लिया गया है, उनका माह जून, 2025 का वेतन, कार्यपूर्ण होने तक स्थगित रखे जाने संबंधी मुख्य सचिव, बिहार के निदेशक के अनुपालन करते हुए विभाग को कृपया अवगत कराएँ।

**अनुलग्नक : यथोक्त।**

विश्वासभाजन
30/6/25

सरकार के अपर सचिव।

**बिहार सरकार,**

**पशुपालन निदेशालय, बिहार, पटना।**

ज्ञापांक :– 7 स्था0 (7) विविध–50/2020...2374(नि)... पटना–15, दिनांक–...02/6.../2025

प्रतिलिपि :– पशुपालन निदेशालय बिहार, पटना अधीनस्थ सभी क्षेत्रीय कार्यालय के कार्यालय प्रधान / निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :–आई0टी0 मैनेजर पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना को ईमेल एवं विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

02-7-25

संयुक्त निदेशक (मु0)।